भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2154

जिसका उत्तर 12.02.2026 को दिया जाना है

धनबाद में एनएच-19 पर बाईपास सड़क का निर्माण

2154. श्री दुलू महतो:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को धनबाद में तोपचांची-राजगंज-गोबिंदपुर-निरसा खंड के समानांतर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-19 के भीड़भाड़ वाले हिस्सों को बाईपास करने के लिए एक वैकल्पिक कॉरिडोर/रिंग रोड के विकास के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या धनबाद के चारों ओर एक पूर्ण रिंग रोड (वृत्ताकार नेटवर्क) विकसित करने के उद्देश्य से इस कॉरिडोर को उगारों/उगादुंग के माध्यम से बोकारो-पुरुलिया मार्ग (एनएच-32) से जोड़ने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन है;

(ग) यदि हाँ, तो इस परियोजना की व्यवहार्यता अध्ययन या विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की वर्तमान स्थिति क्या है और इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार देश की 'कोयला राजधानी' के रूप में धनबाद के रणनीतिक महत्व को देखते हुए इस परियोजना को पीएम गति शक्ति कार्यक्रम के आगामी चरण में शामिल करने का विचार रखती है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) धनबाद में टॉपचांची-राजगंज-गोबिंदपुर-निरसा खंड के समानांतर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-19 पर भीड़-भाड़ कम करने के लिए माननीय सांसद श्री दुलू महतो से धनबाद जिले में रिंग रोड/बाईपास के निर्माण के लिए अभ्यावेदन पत्र, दिनांकित 03.12.2025 प्राप्त हुआ है।

(ख) से (घ) वर्तमान में, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए प्रक्रिया शुरू करने पर कोई विचार नहीं लिया गया है। सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के सिद्धांतों के आधार पर जनसंख्या, शहर/नगर को पार करने में रसद (लॉजिस्टिक) दक्षता, शहरी आयोजना, शहर/नगर में अन्य अवसंरचना के विकास प्रस्ताव जैसे विभिन्न शहरी कारकों पर विचार करते हुए रिंग रोड/बाईपास की आवश्यकता का आकलन करता रहता है।

*****